# 2 राजस्थान की प्रमुख सभ्यताएँ एवं पुरास्थल

1. कालीबंगा में उत्खनन से इस सभ्यता के कितने स्तर सामने आये हैं?
(1) 2 स्तर (2) 5 स्तर
(3) 4 स्तर (4) 3 स्तर (2)

**व्याख्या–** यहाँ के प्रथम 2 स्तर तो हड़प्पा सभ्यता से भी प्राचीन हैं। वहीं तीसरे, चौथे व पांचवें स्तर की सामग्री हड़प्पा सभ्यता की सामग्री के समकालीन है।

2. उत्तर पाषाणकालीन उपकरण राजस्थान में विशेष रूप से किन स्थलों से प्राप्त हुए हैं–
(1) नौह व भीनमाल (2) सोंथी व बरोर
(3) बागोर व तिलवाड़ा (4) लोद्रवा व चन्द्रावती (3)

3. किस स्थान पर लौहा बनाने की प्राचीनतम भट्टियाँ मिली है?
(1) सुनारी (नीमकाथाना) (2) रैढ़ (टोंक)
(3) बैराठ (कोटपूतली–बहरोड़) (4) नोहर (हनुमानगढ़) (1)

**व्याख्या–** सुनारी में अयस्क से लौहा बनाने की धौंकनी युक्त धमन भट्टियों के अवशेष मिले हैं, जो देश की प्राचीनतम लौह भट्टियाँ मानी जाती है।

4. राजस्थान के किस पुरास्थल से गोलाकार पक्की मिट्टी की मोहर प्राप्त हुई है, जिस पर गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपि में 'श्री समकाजिक कुमारामात्य अधिकरणस्य' लेख अंकित है ?
(1) लालसोट (दौसा) (2) पल्लू (हनुमानगढ़)
(3) रंगमहल (गंगानगर) (4) ढलिया (हनुमानगढ़) (4)

5. भीमभड़क नामक स्थान कहाँ पर स्थित है, जहाँ से शैलचित्रों के साथ चर्ट तथा अगेट से बने ब्लेड व बाणों के नुकीले भाग मिले हैं?
(1) विराटनगर (2) जोधपुर
(3) राजसमंद (4) बारां (2)

6. किस पुरातत्त्ववेता ने 1942 ई. में सरस्वती नदी का स्वतंत्र सर्वे किया था, उनकी सर्वे रिपोर्ट 'A Survey Report of ancient sites along lost Saraswati River' के नाम से है?
(1) ओरेल स्टेन (2) एल.पी. टेस्सीटोरी
(3) सी.ए. हैकेट (4) बी. आलचीन (1)

7. गिलुण्ड सभ्यता किस जिले से सबंधित है?
(1) सलूम्बर (2) राजसमंद
(3) भीलवाड़ा (4) अनूपगढ़ (2)

8. स्वीडन की पुरावेत्ता श्रीमती हन्नारिड के नेतृत्व में किस स्थल की खुदाई की गयी थी?
(1) गिलुण्ड (2) जोधपुर
(3) गणेश्वर का टीला (4) रंगमहल (4)

**व्याख्या–** रंगमहल का उत्खनन डॉ. श्रीमती हन्नारिड के नेतृत्व में 1952–54 ई. में स्वीडन (लुण्ड विश्वविद्यालय) के दल द्वारा किया गया।

9. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| प्राचीन सभ्यताएँ | स्थान |
|---|---|
| (A) बालाथल | (i) नीमकाथाना |
| (B) गणेश्वर | (ii) उदयपुर |
| (C) बागोर | (iii) भीलवाड़ा |
| (D) रंगमहल | (iv) गंगानगर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | iv | ii | iii | i |

(3)

10. निम्नांकित में से किस इतिहासकार ने कालीबंगा को सिंधु घाटी सभ्यता की तृतीय राजधानी कहा है?
(1) दशरथ शर्मा (2) दयाराम साहनी
(3) जी. एच. औझा (4) एच. डी. सौंकलिया (1)

11. भीम डूंगरी व गणेश डूंगरी राजस्थान की किस सभ्यता से सम्बन्धित हैं?
(1) कालीबंगा (2) आहड़
(3) गणेश्वर (4) बैराठ (4)

12. निम्न में से कौनसा समूह लौहयुगीन सभ्यताएँ हैं–
(1) भीनमाल, डीडवाना, मलाह
(2) नोह, जोधपुरा, सुनारी
(3) तरखानवाला डेरा, रंगमहल, कुराड़ा
(4) बेणेश्वर, कालीबंगा, पूगल (2)

13. राजस्थान में पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य कहाँ प्राप्त हुये है?
(1) नगर (2) नलियासर
(3) बागोर (4) जोधपुर (3)

14. प्राचीन सभ्यता स्थल, जहाँ से मिनेण्डर की मुद्राएँ मिली है?
(1) नगर (2) बैराठ
(3) बागोर (4) आहड़ (2)

**व्याख्या–** यहाँ से प्राप्त 28 इंडोग्रीक/हिन्द यूनानी राजाओं के सिक्कों में से 16 मुद्राएँ यूनानी शासक मिनेण्डर की हैं।

15. निम्नांकित में से कौनसा कथन सही है ?
(1) गणेश्वर एक उत्खनन स्थल नहीं है।
(2) बैराठ एक ग्राम संस्कृति का केन्द्र था।
(3) कालीबंगा लौह युग संस्कृति का एक उदाहरण था।
(4) आहड़वासियों का महत्वपूर्ण व्यवसाय ताँबा अयस्क को गलाना तथा ताम्र वस्तुएँ बनाना था (4)

16. निम्नलिखित में से किसने 1952 में कालीबंगा सभ्यता स्थल की खोज की?
(1) मॉर्टीमर व्हीलर (2) अमलानन्द घोष
(3) दयाराम साहनी (4) आर. डी. बनर्जी (2)

17. सन् 1961 में किसके निर्देशन में कालीबंगा पुरातात्विक स्थल की खुदाई की गई?
(1) बी.वी.लाल व बी.के. थापर
(2) जे. पी. जोशी व बी.बी. कल्ला
(3) राखलदास बनर्जी व दयाराम साहनी
(4) नीलरत्न बनर्जी व कैलाशचन्द्र दीक्षित (1)

व्याख्या–कालीबंगा में उत्खनन का कार्य ब्रजवासी लाल व बालकृष्ण थापर ने 1961–1962 ई. में करवाया था, खुदाई का कार्य 1969 ई. तक चलता रहा।

18. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| सभ्यता | खोजकर्ता |
|---|---|
| 1 बागोर | 1 रतनचन्द्र अग्रवाल |
| 2 कालीबंगा | 2 अक्षयकीर्ति व्यास |
| 3 आहड़ | 3 विरेन्द्रनाथ मिश्र |
| 4 गणेश्वर | 4 अमलानन्द घोष |

(1) 3, 4, 2, 1  (2) 4, 3, 2, 1
(3) 1, 2, 3, 4  (4) 3, 4, 1, 2 (1)

19. गणेश्वर सभ्यता के सम्बन्ध में निम्न में से असत्य कथन है ?
(1) गणेश्वर संस्कृति 2800 ईसा पूर्व में विकसित हुई थी।
(2) यहाँ खुदाई से ताँबे के उपकरण बहुतायत से मिले हैं।
(3) पत्थर के बाँध के अवशेष केवल गणेश्वर से ही प्राप्त हुये है।
(4) यहाँ मकान धूप में सुखाई कच्ची ईंटों से बने हैं। (4)

व्याख्या– यहाँ मकान पत्थरों से बनाए जाते थे। ये राजस्थान का एकमात्र सभ्यता स्थल है, जहाँ से उत्खनन के दौरान पत्थर के बांध प्राप्त हुए हैं।

20. गणेश्वर पुरास्थल किस नदी किनारे स्थित है?
(1) चम्बल  (2) लूनी
(3) कांतली  (4) बनास (3)

21. निम्न में से राजस्थान में स्थित पुरातात्विक स्थल है?
(1) हड़प्पा  (2) लोथल
(3) रोपड़  (4) आहड़ (4)

22. आहड़ सभ्यता का नवीन स्थल धौली मगरा किस जिले में है?
(1) राजसमंद  (2) भीलवाड़ा
(3) चितौड़गढ़  (4) उदयपुर (4)

23. राजस्थान के किन स्थानों से पुरापाषाण काल की हैण्ड एक्स (हाथ कुठार) संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुये है?
(1) भीनमाल, तिलवाड़ा, चाकसु
(2) भानगढ़, ढ़िगारिया, विराटनगर
(3) कुराड़ा, खुरडी, पूगल
(4) रंगमहल, सौंथी, बरोर (2)

24. पश्चिमी राजस्थान में लूनी नदी किनारे व जालौर जिले में किस इतिहासविद् ने पुरा पाषाणकालीन मानव संस्कृति के चिह्न खोजे?
(1) श्रीमती बी. आल्चिन  (2) अमलानन्द घोष
(3) सर जॉन मार्शल  (4) आर. डी. बनर्जी (1)

25. बरोर सभ्यता स्थल किस जिले में स्थित है?
(1) अनूपगढ़  (2) केकड़ी
(3) डीडवाना–कुचामन  (4) कोटपूतली–बहरोड़ (1)

26. किस सभ्यता स्थल से 8 फिट ऊँची जाख बाबा (यक्ष प्रतिमा) की प्रतिमा मिली है?
(1) बैराठ  (2) रैढ़  (3) नगरी  (4) नोह (4)

व्याख्या– नोह (भरतपुर) से 8 फिट ऊँची जाख बाबा (यक्ष प्रतिमा) मिली है जो शककालीन है। यहां से पक्षी चित्रित ईट मिली है। चुनार के चिकने पत्थर के टुकड़े मिले हैं, जिन पर मौर्यकालीन पॉलिश है।

27. किस सभ्यता स्थल को 'आदिम संस्कृति का संग्रहालय' कहा जाता है?
(1) बैराठ  (2) बागोर
(3) तिलवाड़ा  (4) आहड़ (2)

28. आहड़ के उत्खनन से प्राप्त कौन सी सामग्री बाह्य सम्पर्को (लम्बी दूरी के व्यापारिक संबंध) का संकेत देती है ?
(1) सैलखड़ी मनके  (2) लेपिस लाजुली
(3) टेराकोटा मनके  (4) ताम्र उपकरण (2)


व्याख्या– लेपिस लाजुली (लाजवर्द) एक नीले रंग का मूल्यवान पत्थर है, जो अपने सुन्दर नीले रंग के लिए पसंद किया जाता है।


29. बूढ़ा पुष्कर व होकरा (अजमेर) से किस काल की सामग्री प्राप्त हुई है?
(1) ताम्रयुगीन  (2) मध्यपाषाण काल
(3) नवपाषाण काल  (4) पुरापाषाण काल (4)

30. निम्न में से किस सभ्यता स्थल से बड़ी संख्या में टेराकोटा बैल की मूर्तियाँ मिली हैं, इन बैलों पर सफेद रंग की पेंटिंग की गई है, यहाँ गाय की भी टेराकोटा मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं?
(1) ओझियाना (ब्यावर)  (2) धौली मगरा
(3) गिलूण्ड (राजसमंद)  (4) लाछुरा (1)

व्याख्या– ओझियाना से सिलबट्टा, प्रस्तर हथौड़ा, मिट्टी की खिलौना गाड़ी के पहिए, पत्थर के मनके, शंख व ताम्र की चूड़ियाँ भी मिली हैं।

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।